Reg. No. : ....

Name : ....

THALASSERY

M 7811

I Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.T.T.M./B.B.M. Degree
(CCSS – Regular) Examination, November 2014
(2014 Admission)
COMMON COURSE IN HINDI
1A07 1HIN : Srujanathmaka Sahitya

Time: 3 Hours Max. Marks: 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए : **(1×7=7)**

1) 'एक गौ' कहानी में गाय का मानवीकरण रोचक और हृदयस्पर्शी रहा है – अपना मत प्रकट कीजिए।

2) 'आतिथ्य' कहानी यथार्थवादी कहानी है – स्पष्ट कीजिए।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए : **(1×7=7)**

3) 'यह दीप अकेला' कविता में कवि अज्ञेय ने अहं एवं आत्मविश्वास के प्रतीक के रूप में दीपक को दिखाया है। अपने मत का स्पष्टीकरण कीजिए।

4) 'प्रौढ़ शिक्षा' में कवि धूमिल ने यातना के विरुद्ध भाषागत विद्रोह प्रकट किया है। तर्क सम्मत उत्तर दीजिए।

III. किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कम से कम **125** शब्दों में कीजिए : **(1×3=3)**

5) मेरा मन सुमिरै राम कूँ , मेरा मन रामहिं आहि।
अब मन रामहिं ह्वै रह्या, सीस नवावौं काहि।।

6) कबहुँ निरखि हरि आपु छाँह कौ, कर सौं पकरन चाहत
किलकि हँसत राज द्वै दतियाँ, पुनि-पुनि तिहिं अवगाहत।

P.T.O.

IV. किन्हीं **तीन** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कम से कम **125** शब्दों में कीजिए : (3x3=9)

7) शाम को आया दरवाज़े, फिर नाम लिया,
प्रात:काल चलते समय एक बार फिर उसने
मधुर नाम स्मरण किया।

8) कहाँ गया, धनपति कुबेर वह
कहाँ गयी उसकी वह अलका
नहीं ठिकाना कालिदास के
व्योम-प्रवाही गंगाजल का।

9) एक परिभाषा हम अपने लिए गढ़ते
एक दूसरे हमारे लिए
एक राह हम अपने लिए बनाते हैं
एक दूसरे हमारे लिए।

10) कविता को बिखराकर देखने से
सिवा रेशों के क्या दिखता है
लिखनेवाला तो
हर बिखरे अनुभव के रेशे को
समेटकर लिखता है।

11) काफी दुविधा के बाद
मुझे यह सचाई सकारनी पड़ी है
यद्यपि यह सही है कि सूरज
तुम्हारी जेब-घड़ी है।

V. किन्हीं **तीन** पर कम से कम **125** शब्दों में टिप्पणी कीजिए : (3x3=9)

12) कबीर ने अपने दोहों में गुरु महिमा का वर्णन कैसे किया है ?

13) 'आओ हम पथ से हट जाएँ' कविता में कवि डॉ. हरिवंशराय बच्चन ने समय के अनुकूल परिवर्तन की माँग की है। स्पष्ट कीजिए।

14) 'बादल को घिरते देखा है' में कवि नागार्जुन ने हिमालय का वर्णन अत्यन्त सुंदर ढंग से किया है। स्पष्ट कीजिए।

15) निराला की राय में असल भक्त को क्या-क्या गुण होना चाहिए ?

16) 'अब नदियाँ नहीं सूखेंगी' कविता में सक्सेनाजी का आशावादी स्वर मुखरित हुआ है। स्पष्ट कीजिए।

VI. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5x1=5)

17) 'ठाकुर का कुआँ' में किस समस्या का चित्रण किया गया है ?

18) किसान हीरासिंह क्यों परेशान था ?

19) हीरासिंह सेठजी को तावान भरने की खुशी से राजी हुआ। क्यों ?

20) बालकृष्ण में सूरदास ने कृष्ण का वर्णन कैसे किया है ?

21) 'बुनी हुई रस्सी' में किसका वर्णन है ?

22) 'प्रौढ़ शिक्षा' में धूमिल ने क्या संदेश दिया है ?

23) 'अकेली' कहानी की सोद्देश्यता व्यक्त कीजिए।